महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत
दूरभाष/Phone: 0151-2212044 फैक्स/Fax: 2212042 ई-मेल/E-mail: mgsubikaner@gmail.com

क्रमांक: प.13( ) मंगसिंविबी/उपाधि/2018/11201-60। दिनांक: 27/9/18

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।

विषय: परीक्षा वर्ष 2017 में सफल विद्यार्थियों की उपाधि सम्बन्धी सूचना।

महोदय,

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा आयोजित परीक्षा 2017 के स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रोफेशनल व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को शीघ्र ही दीक्षांत समारोह आयोजित कर उपाधि वितरित की जानी है। कृपया अपने महाविद्यालय के नाम (हिन्दी व अंग्रेजी) की जाँच कर लें, यदि कोई संशोधन हो तो 15 दिवस में विश्वविद्यालय को सूचित करें। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली उपाधि से सम्बन्धित डाटा विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mgsubikaner.ac.in पर दिनांक 28.09.2018 से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सम्बन्धित विद्यार्थी 15 दिवस में वेबसाईट का अवलोकन कर अपने विवरण की जाँच कर सकते हैं। विद्यार्थी के हिन्दी नाम में त्रुटि होने पर विद्यार्थी स्वयं ऑनलाईन संशोधन कर सकते हैं तथा अन्य त्रुटि होने पर वांछित संशोधन हेतु आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की मेल ardegree@mgsubikaner.ac.in पर प्रेषित करें।

कृपया महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को सूचना प्रेषित/प्रसारित करावें ताकि कोई संशोधन हो तो निर्धारित अवधि में किया जा सके एवं सही उपाधियों का मुद्रण हो सके। निर्धारित अवधि (15 दिवस) में संशोधन नहीं कराने व सूचना प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित डाटा को ही अंतिम मानकर उपाधियों का मुद्रण करवा लिया जाएगा। कृपया इसे उचित प्राथमिकता प्रदान करें।

धन्यवाद।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक: प0 ( ) मंगसिंविबी/उपाधि/2018/ दिनांक:

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव–कुलपति, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. निजी सहायक–कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. वरिष्ठ निजी सहायक–वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
4. उपकुलसचिव (शैक्षणिक), महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. सहायक कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. श्री फौजा सिंह (कम्प्यूटर विज्ञान विभाग), कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय website पर upload करावें

सहायक कुलसचिव (उपाधि)